संख्या-22/2022/880/तेइस-7-2022

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(व्यवस्थापन-ग वर्ग),
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ: दिनांक 19 अक्टूबर, 2022

विषय:- श्री विकास कुमार मौर्य, वरिष्ठ सहायक, निर्माण खण्ड (प्र0प0), लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर की माता जी की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांक-6066व्यग/06व्यग(12)/2022, दिनांक 15-09-2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक(चिकित्सा परिचर्या) नियमावली-2011, सपठित प्रथम संशोधन नियमावली-2014 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत श्री विकास कुमार मौर्य, वरिष्ठ सहायक, निर्माण खण्ड (प्र0प0), लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर की माता स्व0 कमला देवी का महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय कैंसर सेन्टर (टाटा स्मारक केन्द्र), वाराणसी में दिनांक 22.12.2021 से दिनांक 01.03.2022 तक करायी गयी चिकित्सा पर दावा की गयी व्यय धनराशि रू0 5,90,490/- (रूपये पांच लाख नब्बे हजार चार सौ नब्बे मात्र) के सापेक्ष प्रमुख अधीक्षक, मण्डलीय जिला चिकित्सालय, मीरजापुर द्वारा संस्तुत धनराशि रू0 5,82,840/-(रूपये पांच लाख बयासी हजार आठ सौ चालीस मात्र) की प्रतिपूर्ति श्री विकास कुमार मौर्य, वरिष्ठ सहायक, निर्माण खण्ड (प्र0प0), लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर को किये जाने की महामहिम राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करतीं है। प्रश्नगत धनराशि का भुगतान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त दावें से संबंधित बिलों का भुगतान पूर्व में नहीं किया गया है।

3- उक्त चिकित्सा प्रतिपूति पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-54 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2059-लोक निर्माण कार्य-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-001-निर्देशन तथा प्रशासन-03-निदेशन-49-चिकित्सा व्यय " मद के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- उक्त चिकित्सा दावा/इलाज से संबंधित समस्त बिल बाउचर व अन्य संगत अभिलेख मूलरूप में संलग्नकर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,

(राजेश प्रताप सिंह)

उप सचिव।

संख्या-22/2022/880(1)/तेइस72022-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- नोडल अधिकारी,बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

4- मुख्य अभियन्ता(मु0–2) लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 लखनऊ।

5- मुख्य अभियन्ता मध्य क्षेत्र लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

6- कोषाधिकारी, मीरजापुर।

7- अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, (प्र0प), लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर।

8- श्री विकास कुमार मौर्य, वरिष्ठ सहायक, निर्माण खण्ड (प्र0प0), लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर।

9- गार्ड पत्रावली हेतु।

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।